C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 284 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 18 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## परिसीमन पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग, नेता प्रतिपक्ष जूली बोले रुख साफ करें मुख्यमंत्री

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में परिसीमन को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस संवेदनशील मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने और सरकार का स्पष्ट रुख सामने रखने की मांग की है।

जूली ने बयान जारी कर कहा कि परिसीमन कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के राजनीतिक और लोकतांत्रिक भविष्य को तय करने वाला महत्वपूर्ण विषय है। इसका सीधा प्रभाव लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या व स्वरूप पर पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया।

उन्होंने कहा कि देशभर में परिसीमन को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं, विशेष रूप से दक्षिण भारत के राज्यों के मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर खुलकर अपनी चिंताएं जता रहे हैं। ऐसे में राजस्थान जैसे बड़े राज्य में सीटों का पुनर्गठन भौगोलिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व को व्यापक रूप से प्रभावित कर सकता है।



नेता प्रतिपक्ष ने मांग की कि मुख्यमंत्री तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाकर परिसीमन के तकनीकी और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करें, ताकि राज्य के हितों की प्रभावी पैरवी की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्थान के अधिकारों और जनता के प्रतिनिधित्व से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा।

इसके साथ ही जूली ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार समय पर निकाय और पंचायत चुनाव तक नहीं करवा पा रही है। ऐसे में परिसीमन जैसे जटिल संवैधानिक विषय को संभालने की सरकार की क्षमता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में दूरदृष्टि की कमी है और लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं।

## 1 मई से शुरू होगी जनगणना, 1.60 लाख कर्मचारियों के तबादलों पर लगेगी रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश में आगामी 1 मई से जनगणना कार्य शुरू होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए जनगणना में लगे करीब 1.60 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों पर लगभग एक साल तक रोक लगाए जाने की तैयारी है।

जनगणना निदेशक बिष्णु चारण मल्लिक ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर जनगणना कार्य में लगे चार्ज अफसर, प्रगणक, सुपरवाइजर, फील्ड ट्रेनर सहित सभी संबंधित कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है। इस संबंध में



सरकार स्तर पर आदेश जल्द जारी होने की संभावना है। जनगणना कार्य में शिक्षक, व्याख्याता, ग्राम सेवक, पटवारी, तहसीलदार और नगर निगम आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधीकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

जनगणना के तहत 1 से 15 मई तक आमजन स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ सेंसस) कर सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर मकान लिस्टिंग से जुड़े 33 सवालों के जवाब देने होंगे, जिनका बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यह सुविधा स्मार्टफोन और डेस्कटॉप दोनों पर उपलब्ध रहेगी।

सेल्फ सेंसस प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद ओटीपी के माध्यम से प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनगणना से जुड़े कर्मचारी किसी भी स्थिति में ओटीपी नहीं मांगेंगे, इसलिए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

स्व-गणना का कार्य 15 मई तक पूरा होगा। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान लिस्टिंग का कार्य करेंगे। इस दौरान मकानों की स्थिति, परिवार को उपलब्ध सुविधाएं, संपत्तियां और उपयोग की वस्तुओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी।

प्रत्येक हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में लगभग 850 मकान शामिल होंगे, जिसमें आवासीय मकानों के साथ कार्यालय, प्रतिष्ठान और अन्य भवन भी शामिल किए जाएंगे। यदि किसी घर पर प्रगणक के पहुंचने पर ताला मिलता है, तो वह 30 दिन के भीतर दोबारा जाकर उसकी स्थिति की पुष्टि करेगा और आवश्यक विवरण दर्ज करेगा।

## बहू भी अनुकंपा नियुक्ति की हकदार, विभाग को 30 दिन में नौकरी देने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में फिर स्पष्ट किया है कि बहू भी अनुकंपा नियुक्ति पाने की हकदार है। अदालत ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता को 30 दिन के भीतर नियुक्ति दी जाए और अनावश्यक देरी नहीं की जाए।

जस्टिस रवि चिरानियां ने यह आदेश सुंदरी देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में नाराजगी जताते हुए कहा कि जब वर्ष 2023 में ही हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच यह स्पष्ट कर चुकी है कि बहू भी बेटी के समान अनुकंपा नियुक्ति की हकदार है, तो विभाग द्वारा बार-बार वही आपत्तियां उठाना विधिसम्मत नहीं है। कोर्ट ने 9 अप्रैल को इस मामले में फैसला सुनाया।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आरसी गौत्तम ने कोर्ट को बताया कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु के बाद बहू ने अपने ससुर के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। मृतक का बेटा पहले ही एक दुर्घटना के कारण बिस्तर पर था, जिसके चलते परिवार की जिम्मेदारी बहू पर ही आ गई। इसके बावजूद विभाग ने आवेदन पर कोई विचार नहीं किया।



सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के पति की मृत्यु 25 मई 2020 को हो चुकी है और इसके बाद परिवार के सभी आश्रित उसी पर निर्भर हैं। ऐसे में नियुक्ति में देरी करना उचित नहीं है।

कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पूर्व में तय कानून के बावजूद विभाग ने वही आपत्तियां दोहराईं, जिन्हें पहले ही खारिज किया जा चुका है। अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को बिना किसी तकनीकी अड़चन के तत्काल नियुक्ति दी जाए।

साथ ही कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि विभाग द्वारा अनावश्यक देरी की जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अदालत ने 45 दिन के भीतर अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए हैं।

## खेत में अकेली वृद्धा की हत्या, जेवर लूटकर फरार बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के शिवपुर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार शाम खेत पर अकेली मौजूद एक वृद्धा की हत्या कर लूटपाट की वारदात ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। अज्ञात हमलावरों ने 65 वर्षीय एजी देवी की बेरहमी से हत्या कर उनके जेवरात लूट लिए। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।जानकारी के अनुसार, एजी देवी पत्नी स्वर्गीय राजू प्रजापत शिवपुर से बंबोला मार्ग पर स्थित अपने खेत की रखवाली कर रही थीं। शाम करीब 5 बजे के आसपास परिवार की एक महिला जब खेत पर बने मकान के तलघर में पहुंची तो वहां का दृश्य देख उसके होश उड़ गए। एजी देवी खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़ी थीं। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वृद्धा दम तोड़ चुकी थीं। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मृतका के पैरों में पहनी चांदी की कड़ियां और सिर पर पहना गया सोने का बोर गायब था। शरीर पर पैरों, सिर और गले पर गहरे चोटों के निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने में किसी प्रकार की क्रूरता नहीं छोड़ी। पुलिस इसे लूट के इरादे से की गई हत्या मानकर जांच कर रही है।सूचना मिलते ही आसींद पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश, करेड़ा थानाधिकारी पूरणमल सहित एफएसएल, एमओबी और एमआईयू की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी छोटी-मोटी वारदातें होती रही हैं, लेकिन इस तरह की हत्या ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 25 साल से फरार डकैत गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट व पॉक्सो केस में भी कार्रवाई, बिजौलिया पुलिस की विशेष अभियान में बड़ी सफलता

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 साल से फरार स्थाई वारंटी सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में दो सहयोगियों को पकड़ा गया तथा एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

**25 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार**

डकैती के एक पुराने प्रकरण में वांछित स्थाई वारंटी नानिया भील (51) निवासी बिजलपुर, थाना कल्याणपुरा, जिला झाबुआ (मध्यप्रदेश) को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। आरोपी लंबे समय से फरार था और लगातार ठिकाने बदलकर रह रहा था। पुलिस ने झाबुआ में आसूचना जुटाकर उसे गिरफ्तार किया।

**आर्म्स एक्ट का आरोपी भी पकड़ा**

आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे कन्हैयालाल भील (30) निवासी कास्या, थाना बिजौलिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**पॉक्सो केस में दो सहयोगी गिरफ्तार**

नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुख्य आरोपी के दो सहयोगियों सुनील (निवासी गणेशघाटी) और महेन्द्र (निवासी भीलपुरिया) को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

**पुलिस टीम की अहम भूमिका**

इस कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार सहित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सड़क किनारे झाड़ियों में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में सनसनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क किनारे झाड़ियों में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अमावस्या पर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की नजर शव पर पड़ते ही हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बड़ा महुआ-मालीखेड़ा रोड पर दोपहर करीब 12 बजे पैदल जा रहे श्रद्धालुओं ने झाड़ियों में नवजात को पड़ा देखा। एक श्रद्धालु ने अन्य लोगों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए ।

घटना की सूचना तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई। कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

प्राथमिक जांच में नवजात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छत पर सो रहे बुजुर्ग से नकाबपोश बदमाश ने लूटी सोने की बालियां, गांव में दहशत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ाः**

जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात छत पर सो रहे बुजुर्ग से नकाबपोश बदमाश सोने की बालियां लूटकर फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार घटना नरसिंहपुरा गांव में रात करीब 3 बजे की है। जानकारी के अनुसार सुंडा पुत्र गोपी गुर्जर अपने परिवार के साथ घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात बदमाश छत पर पहुंचा और सो रहे बुजुर्ग के कान में पहनी करीब 12 ग्राम सोने की मुर्की झपट ली। अचानक हुए हमले से बुजुर्ग की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग जाग गए तथा बदमाश को पकड़ने का



प्रयास किया, लेकिन आरोपी छत से नीचे कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और क्षेत्र में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## खेलते बच्चों की लड़ाई बनी जानलेवा, युवक की हत्या

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

फूलियाकलां क्षेत्र के कनेछन कलां गांव में शुक्रवार शाम एक मामूली बात ने ऐसा तूल पकड़ा कि देखते ही देखते एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। बच्चों के बीच शुरू हुआ साधारण झगड़ा बड़ों की तकरार में बदल गया और आखिरकार खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस घटना में 35 वर्षीय प्रेमचंद तेली की कुल्हाड़ी के वार से मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष का गणेशलाल तेली गंभीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों के अनुसार, घटना की शुरुआत उस समय हुई जब गांव में खेल रहे बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बच्चों का विवाद धीरे-धीरे घरों तक पहुंचा और परिजनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए।

इसी क्रम में प्रेमचंद की पत्नी बात करने के लिए गणेशलाल के घर पहुंची, लेकिन समझाइश के बजाय वहां बहस और तेज हो गई।

देखते ही देखते दोनों परिवारों के लोग आमने-सामने आ गए और माहौल गर्माता चला गया। इसी बीच प्रेमचंद भी मौके पर पहुंचा, जहां पहले से चल रही कहासुनी अचानक हाथापाई में बदल गई। गुस्से में आकर प्रेमचंद ने लाठी से हमला किया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

इसके बाद गणेशलाल ने पास में रखी कुल्हाड़ी उठा ली और आवेश में आकर प्रेमचंद पर लगातार वार कर दिए। हमले की गंभीरता इतनी ज्यादा थी कि प्रेमचंद मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना में गणेशलाल भी घायल हुआ, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में भीलवाड़ा रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पूरे घटनाक्रम की जड़ बच्चों के बीच हुआ छोटा सा विवाद था, जिसने दो परिवारों के बीच हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है।

C M Y K

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति पर जोर, गुणवत्ता और समयबद्धता के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को तय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग की कुसुम योजना, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएचईडी विभाग की जल जीवन मिशन तथा पंचायतीराज विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय सीमा में किया जाए और कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभ आमजन तक प्रभावी तरीके से पहुंचने चाहिए।

बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम एवं पंच गौरव के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं, बीस सूत्री कार्यक्रम और पंच गौरव के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवतिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा आजः 6 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा,19 केंद्र तैयार

### परीक्षा को लेकर कड़े इंतजाम, सीसीटीवी व बायोमेट्रिक से निगरानी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





**( पुनित चपलोत )** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के निर्देशानुसार कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के लिए जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

परीक्षा समन्वयक एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया ने बताया कि आज शनिवार को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में करीब 6 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए शहर में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 14 सरकारी व 5 निजी विद्यालय शामिल हैं। सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

परीक्षा एक ही पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले यानी सुबह 10 बजे प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू होगी, इसलिए अभ्यर्थियों को समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

परीक्षा के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को सादा व सामान्य वेशभूषा में आने के निर्देश दिए गए हैं। जींस पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी, जबकि साधारण पैंट-शर्ट या कुर्ता-पायजामा पहनकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा के दौरान यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देता है, तो उसे अंतिम (पांचवें) कॉलम में गोला काला करना अनिवार्य होगा। इसके लिए अतिरिक्त 10 मिनट का समय भी दिया जाएगा।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन व फेस रिकॉग्निशन की व्यवस्था भी लागू की गई है। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपना रोल नंबर व परीक्षा केंद्र का नाम पहले से जांच कर ही केंद्र पर पहुंचे, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## तिलस्वां महादेव में अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हवन-अभिषेक से की सुख-शांति की कामना





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलस्वां महादेव मंदिर में वैशाख अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्तों ने कतारों में खड़े होकर भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस पावन अवसर पर तिलस्वां ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेशचंद अहीर एवं सचिव मांगीलाल धाकड़ के सानिध्य में प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना को लेकर विशेष अभिषेक एवं हवन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में खुशहाली और शांति बनी रहने की प्रार्थना की गई।

मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन के लिए पहुंचे और व्यवस्थित रूप से कतारों में लगकर दर्शन किए।

ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। कर्मचारियों ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## गुलाबपुरा में नए रेलवे अंडरब्रिज की मांग, सांसद अग्रवाल ने रेलवे कमेटी में उठाया मुद्दा

### मौजूदा अंडरब्रिज में जलभराव व दुर्घटनाओं से जनता परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सांसद दामोदर अग्रवाल ने नई दिल्ली में आयोजित रेलवे कमेटी की बैठक में गुलाबपुरा शहर में नए रेलवे अंडरब्रिज के निर्माण की मांग उठाई है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि शहर के बीच बना वर्तमान अंडरब्रिज तकनीकी व व्यवहारिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है, जिसमें वर्षभर पानी भरा रहता है और फिसलन बनी रहने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इससे स्थानीय लोगों का जनजीवन एवं व्यापार प्रभावित हो रहा है।सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि गुलाबपुरा निवासियों ने सांसद को नए अंडरब्रिज की आवश्यकता से अवगत कराया था। नागरिकों ने सुझाव दिया कि गणेश मंदिर बस स्टैंड के पास गुजरने वाली रेलवे लाइन पर नया अंडरब्रिज बनने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

इस पर सांसद अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली में रेलवे कमेटी की बैठक में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों को नए अंडरब्रिज निर्माण के निर्देश जारी करने की मांग की। सांसद अग्रवाल ने आशा जताई कि जल्द ही गुलाबपुरा में नए रेलवे अंडरब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

## गाय को बचाने के प्रयास में बाइक फिसली, भुआ-भतीजा घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**(सांवर वैष्णव)**।क्षेत्र में आकोला रोड पर खजीना गांव के पास गाय को बचाने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार भुआ-भतीजा घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार खजीना व आकोला के बीच अचानक सामने आई गाय को बचाने के दौरान बाइक चालक संतुलन खो बैठा, जिससे बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार विशाल पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी बड़लियास तथा उसकी भुआ उमा पत्नी सांवर जोशी, उम्र 40 वर्ष निवासी जोधपुरिया, बस्सी हाल मुकाम बड़लियास घायल हो गए।

घटना के बाद दोनों को तुरंत सवाईपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद परिजन दोनों को आगे इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले गए। बताया गया कि विशाल अपनी भुआ को बड़लियास से सवाईपुर छोड़ने जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

## रेणवास में फूलडोल महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, लक्ष्मीनाथ भगवान को लगाया छप्पन भोग

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





**(सांवर वैष्णव):** क्षेत्र के रेणवास गांव में शुक्रवार को श्री लक्ष्मीनाथ फूलडोल महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीनाथ भगवान को भव्य छप्पन भोग अर्पित किया गया।प्रातःकाल 5 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। इसके पश्चात भगवान को स्वर्णजड़ित आभूषण एवं आकर्षक पोशाक धारण करवाई गई।

दोपहर बाद 3:15 बजे भगवान के समक्ष छप्पन भोग सजाया गया, जिसके उपरांत 4:15 बजे भोग लगाकर महाआरती की गई। सायंकाल 6 बजे भगवान की प्रतिमा को रजत बैवाण में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भक्तगण भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए श्रद्धा भाव से शामिल हुए।महोत्सव के अंतर्गत रजत बैवाण में स्थापित करने हेतु भगवान लक्ष्मीनाथ की एक नई प्रतिमा की शुक्रवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रतिष्ठित प्रतिमा को बैवाण में स्थापित कर नगर भ्रमण कराया गया।

## नवाचार संस्थान व पुलिस की कार्रवाईः 5 नाबालिग बच्चों के बाल विवाह रुकवाए



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में बाल विवाह रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नवाचार संस्थान और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 5 नाबालिग बच्चों के विवाह रुकवाए। यह कार्रवाई जस्ट राइट्स फोर चिल्ड्रन अलायंस के सहयोगी संगठन नवाचार संस्थान द्वारा संचालित 'एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन' परियोजना के अंतर्गत की गई।

जानकारी के अनुसार आखातीज अबूझ सावों के दौरान नवाचार संस्थान को मांडल, सदर और बिजोलिया थाना क्षेत्रों के आरजिया, तस्वारिया व भूति गांवों में संभावित बाल विवाह की सूचना मिली। इस पर संस्थान की टीम ने तुरंत संबंधित थानों को अवगत कराया।

मांडल थाना प्रभारी आयुष श्रोत्रिय के निर्देशन में एएसआई कैलाश व उनकी टीम, तथा सदर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नवाचार संस्थान के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर और भगवत सिंह चारण भी कार्रवाई में शामिल रहे। टीम द्वारा मौके पर बच्चों के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें 5 बच्चों की उम्र निर्धारित सीमा से कम पाई गई। इसके बाद तुरंत बाल विवाह रुकवाते हुए परिजनों को समझाइश दी गई और उनसे शपथ पत्र लिया गया कि बालिग होने से पहले बच्चों का विवाह नहीं किया जाएगा।

साथ ही परिजनों को चेतावनी दी गई कि यदि नाबालिग अवस्था में विवाह किया गया तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई को बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बेखौफ चोरों का आतंक, एक ही रात में दो मंदिरों को बनाया निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा:**





जिले के गुलाबपुरा कस्बे में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने एक ही रात में दो मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी। गुरुवार रात हुई इस घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है।

जानकारी के अनुसार चोर खिड़की के रास्ते सिद्ध गणेश मंदिर में घुसे और वहां से करीब एक किलो चांदी का छत्र, 100 व 70 ग्राम के अन्य चांदी के छत्र, दानपात्र में रखी लगभग 18 हजार रुपए की नकदी तथा भगवान के श्रृंगार का सामान चोरी कर ले गए।

इसी दौरान पास स्थित मंशापूर्ण बालाजी मंदिर को भी निशाना बनाया गया, जहां चोरों ने चैनल गेट के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दानपात्र सहित अन्य सामान पार कर दिया।

सुबह पुजारियों के मंदिर पहुंचने पर घटना का खुलासा हुआ। मंदिरों में ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

एक साथ दो मंदिरों में चोरी की इस वारदात से ग्रामीणों में भारी रोष है। लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



QUICK BITES

## आज 3 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (अ.वि.वि.एन.एल.) के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि 11 केवी मेजा पावर हाउस फीडर पर आवश्यक कार्य के चलते 18 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मराठा कॉलोनी, जवाहर नगर नहर के पास, बालाजी की बगीची, हरिजन बस्ती, हनुमान नगर, संस्कृति विहार पांसल रोड, बालाजी अपार्टमेंट, ग्रीन वैली स्कूल के पीछे, रौनक विहार, कंचन देवी कॉलेज, धर्मकांटा 80 फीट रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने आमजन से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

## सुभाषनगर में जर्जर सड़कों से लोग परेशान, मरम्मत की मांग तेज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर के सुभाषनगर क्षेत्र में सड़कों की खराब हालत से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राम मंदिर के सामने तथा छोटी पुलिया के पास ए सेक्टर की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र की अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस समस्या को लेकर आमजन में प्रशासन के प्रति रोष भी देखा जा रहा है। हेमेन्द्र सिंह मेहता ने बताया कि सुभाषनगर की खराब सड़कों को लेकर 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन प्रशासन की ओर से संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस जनहित की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। आप नेता धमेन्द्र शर्मा ने भी सुभाषनगर की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आमजन के साथ मिलकर जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मनोकामना पूर्ण होने पर युवक ने की 8 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव):** क्षेत्र के बड़लियास कस्बे में एक युवक ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर अनूठी आस्था का परिचय देते हुए 8 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा की।

ग्रामीण हेमराज कीर ने बताया कि बड़लियास निवासी विनोद कीर ने चौधरियास गांव स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर में मनोकामना की थी। मनोकामना पूर्ण होने पर शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे विनोद ने अपने घर से दंडवत यात्रा प्रारंभ की।

तपती दोपहरी और तेज धूप भी उसकी श्रद्धा को नहीं डिगा सकी। विनोद लगातार दंडवत करते हुए चौधरियास स्थित देवनारायण मंदिर तक पहुंचे और भगवान के दर्शन कर आभार प्रकट किया।

यात्रा के दौरान रास्ते में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। डीजे व ढोल-नगाड़ों के साथ निकली इस यात्रा में श्रद्धालु भी शामिल हुए और भक्ति भाव से वातावरण गुंजायमान रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शिव महापुराण कथा के बाद भी गूंज रही भक्ति, समीक्षा बैठक में सेवा-समर्पण पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मेवाड़ अंचल में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के समापन के बाद भी भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना निरंतर प्रवाहित हो रही है। इसी क्रम में कथा आयोजन की समीक्षा एवं मंथन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन की सफलता और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई।

महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विधायक अशोक कुमार कोठारी ने की। कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि शिव महापुराण कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भीलवाड़ा की सामूहिक आस्था और सेवा भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से यह भव्य आयोजन सफल हो सका।

उन्होंने टीम भावना, अनुशासन और समर्पण को आयोजन की सफलता का आधार बताते हुए इसे भविष्य के आयोजनों के लिए प्रेरणादायक बताया। साथ ही 'प्लास्टिक मुक्त भीलवाड़ा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

विधायक कोठारी ने 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' का उल्लेख करते हुए कहा कि 27 अप्रैल को शिवभक्त एवं आमजन अपने-अपने तहसील एवं जिला मुख्यालयों पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर इस अभियान से जुड़ें। उन्होंने इसे सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया।

बैठक में महिला मंडल प्रभारी मंजू पोखरण, उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया, महामंत्री कन्हैयालाल स्वर्णकार, पीयूष डाड, गजानंद बजाज, बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर ईनाणी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, विवेक निमावत, चेतन मानसिंहका, सत्यनारायण गुग्गड़, संजय राठी, गजेंद्र सिंह राठौड़, राहुल गगरानी, सुनीता स्वर्णकार सहित कई सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

अंत में विधायक कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया। बैठक का संचालन बाबूलाल टाक ने किया।

**आज भी होगा श्रमदान, जनभागीदारी का आह्वान**

मेडिसिटी ग्राउंड स्थित शिव महापुराण कथा स्थल पर सेवा कार्यों का क्रम जारी है। इसी कड़ी में शनिवार, 18 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक श्रमदान का आयोजन किया जाएगा। विधायक अशोक कुमार कोठारी के नेतृत्व में होने वाले इस श्रमदान में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर 'सेवा ही सबसे बड़ी साधना' के भाव को साकार करें।

# बाणमाता शक्तिपीठ संस्थान की वार्षिक आमसभा, दानपात्र में मिले 6 लाख से अधिक

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की वार्षिक आमसभा अमावस्या के अवसर पर संस्थान परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संस्थान की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में व्यवस्थापक प्रमोद कुमार धाकड़ ने वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इस दौरान शक्तिपीठ पर चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर आगामी विकास कार्यों के प्रस्ताव भी लिए गए। बैठक के दौरान दानपात्र खोला गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा 6 लाख 804 रुपए की सहयोग राशि प्राप्त हुई। इस राशि को मंदिर विकास एवं व्यवस्थाओं में उपयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, महामंत्री अमित कुमार जोशी, मोहन लाल धाकड़, सत्यनारायण सुथार, धर्मचंद जैन, शंभू सिंह, बालू सिंह, हजारी लाल खटीक, खाना धाकड़, प्रमोद कुमार धाकड़, घीसू सिंह, गणपत सिंह, प्रदीप कुमार पोरवाल सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान शुरू, 2851 बालिकाओं को लगा टीका





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के निर्देशन में शुक्रवार को जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित कर 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया गया।

जिला कलेक्टर संधू ने आमजन व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यह टीकाकरण बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य की सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बच्चियों का समय पर टीकाकरण करवाकर उन्हें सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तर पर अभियान के शुभारंभ के साथ ही जिले में भी इसे प्रभावी रूप से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है, जो सर्वाइकल कैंसर से दीर्घकालीन सुरक्षा प्रदान करता है। 14 वर्ष की आयु में एक डोज ही पर्याप्त सुरक्षा देने में सक्षम है। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या भय में न आएं और अधिक से अधिक संख्या में अपनी बच्चियों को इस अभियान से जोड़ें, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई हैं। शाहपुरा, जहाजपुर, सुवाणा, आसीन्द, गुलाबपुरा, बनेड़ा, गंगापुर, रायपुर, करेड़ा, माण्डल, माण्डलगढ़, बिजौलिया व कोटड़ी ब्लॉकों सहित भीलवाड़ा शहर में व्यापक स्तर पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।

अभियान के तहत लाभार्थी बालिकाओं का प्री-रजिस्ट्रेशन कर व्यवस्थित रूप से टीकाकरण किया गया। साथ ही गूगल लिंक के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्टिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, जिससे रियल-टाइम मॉनिटरिंग के जरिए लक्ष्य हासिल किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले में आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 2851 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान की गई।

# अमावस्या पर सजा 'श्री कृष्ण भोज', बच्चों के चेहरे खिले

## दाल-पूड़ी और लापसी का स्वाद, सामूहिक भोजन से बढ़ी अपनत्व की भावना

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचंद पेसवानी ।** कोठियां क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा पालोला में शुक्रवार को पीएम पोषण योजना के अंतर्गत अमावस्या के अवसर पर 'श्री कृष्ण भोज' का आयोजन किया गया। इस मौके पर दाल-पूड़ी और स्वादिष्ट लापसी के व्यंजनों से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के भामाशाह पुखराज शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या काली देवी शर्मा के सहयोग से आयोजित इस भोज में सभी विद्यार्थियों ने मध्यान्ह भोजन के तहत पौष्टिक लापसी का आनंद लिया। इस दौरान समुदाय के सदस्य और विद्यालय स्टाफ भी बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन करते नजर आए, जिससे सामूहिकता और अपनत्व की भावना मजबूत हुई।

कार्यक्रम प्रभारी सुनीता पारीक ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत संचालित 'श्री कृष्ण भोग योजना' का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना और मिड-डे मील में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत विशेष अवसरों पर पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया कि इस पहल में भामाशाह, जनप्रतिनिधि, तेजा मंडली, महिला मंडली और स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। तेजा मंडली द्वारा वर्षों से साल में दो बार खीर-पूरी का विशेष आयोजन भी किया जाता रहा है। विद्यालय में आयोजित यह 'श्री कृष्ण भोज' बच्चों के लिए स्वाद का उत्सव बनने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहयोग का सशक्त उदाहरण भी बना।

# ‘परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ’ से गूंजा खेड़ा पालोला कोठियां

## नन्हे हाथों ने उठाया पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प, 500 परिंडों का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए संवेदना और सेवा का संदेश देते हुए ग्राम खेड़ा पालोला कोठियां स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को ‘परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ’ अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद, गुलाबपुरा के सहयोग से वैशाख अमावस्या के अवसर पर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामकुमार चौधरी, विकास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व वार्ड पंच कालूराम भील की उपस्थिति में किया गया।



अभियान के तहत ‘हर घर परिंडा’ का संदेश देते हुए प्रारंभिक रूप से 108 दाना-पानी के पात्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पूरे क्षेत्र में 500 परिंडे लगाने की योजना है। सार्वजनिक स्थलों और छायादार पेड़ों पर लगाए गए परिंदों की देखभाल की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जिससे उनमें जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का विकास हो सके।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। बच्चों के उत्साह ने ‘छोटे हाथ, बड़ा काम’ की मिसाल पेश की।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के कब मास्टर यूनिट लीडर अखत्यार अली ने बताया कि यह अभियान हर वर्ष पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानवीय संवेदना का श्रेष्ठ उदाहरण है।

भारत विकास परिषद, गुलाबपुरा के अध्यक्ष संपत व्यास ने बताया कि क्षेत्रभर में 500 परिंडे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय पदाधिकारी किशोर राजपाल, पूर्व उपाध्यक्ष रतनलाल लखारा, वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर काबरा, जयप्रकाश जायसवाल एवं मुक्तिधाम प्रकल्प प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी परिंडे लगाकर जनसंदेश दिया।

कार्यक्रम प्रभारी सरोज चौधरी ने बताया कि इस पहल से विद्यार्थियों में जीव-जंतुओं के प्रति दया, संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है। विद्यार्थियों को परिंडे वितरित कर उन्हें घरों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# महात्मा गांधी अस्पताल में मरीजों को मिली राहत, परिषद ने भेंट किए कूलर, भीषण गर्मी में मरीजों व परिजनों के लिए सराहनीय पहल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीषण गर्मी के बीच मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय में सेवा कार्य किया गया। परिषद की ओर से अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग में स्टैंड सहित 3 लकड़ी के कूलर भेंट किए गए, जिससे मरीजों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

इस अवसर पर चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़, ऑर्थोपेडिक विभाग के यूनिट हेड डॉ. महेश बेरवा, डॉ. दिनेश बेरवा एवं गिरिराज लड्ढा की उपस्थिति रही। सभी ने परिषद के इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

कार्यक्रम में समाजसेवी ललित आंचलिया, जिला संयोजक अनुराग बाबेल, सीए महावीर गांधी, सुनीता गांधी एवं नेहा चोरड़िया का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान ललित आंचलिया एवं अनुराग बाबेल ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और परिषद इसी भावना के साथ निरंतर जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य कर रही है।



परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया ने कहा कि भीषण गर्मी में अस्पतालों में भर्ती मरीजों को राहत पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। परिषद का उद्देश्य सेवा के साथ समाज में संवेदनशीलता का भाव जागृत करना भी है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्य जारी रहेंगे।

इस दौरान पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, अलका बम्ब, मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, महामंत्री मुकेश मेडतवाल, ललित लोढ़ा, गोवर्धन सिंह कावड़िया, अरुण मुछाल, ललित बोहरा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गौसेवा कार्यक्रम बना सेवा व समर्पण का उदाहरण

## रामधाम गौशाला में चारा, पशु चिकित्सालय में दवाइयों का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

चंदनबाला महिला मंडल अहिंसा भवन एवं जैन कॉन्फ्रेंस आत्मध्यान योजना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित गौसेवा कार्यक्रम सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

कार्यक्रम के तहत रामधाम गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया तथा बीमार गौवंश के उपचार के लिए दवाइयों का वितरण किया गया।

मंडल की मंत्री श्वेता लुंकड़ ने बताया कि सुबह 9 से 10 बजे के बीच रामधाम गौशाला में सैकड़ों गायों को चारा डाला गया। इसके पश्चात सिंधुनगर स्थित पशु चिकित्सालय में बीमार गायों के उपचार हेतु आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं।



इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस आत्मध्यान योजना की राष्ट्रीय महामंत्री एवं मंडल अध्यक्षा संजुलता बाबेल ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है तथा जीवदया आत्मशुद्धि का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सेवा गतिविधियां पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ समाज में करुणा, सहयोग और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करती हैं।

मनीष बम्ब ने बताया कि कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सेवा कार्य को सफल बनाया। इस दौरान सभी को भगवंत, संत एवं सतियों के दर्शन का लाभ भी प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सुमित्रा सिंघवी, मंजू पोखरना, निर्मला बुलिया, विमला खातोड़, चंचल खातेड़ एवं रेखा बुरड़ सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# कोटड़ी चारभुजानाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब, भेंट पात्र में निकले 42.86 लाख रुपए व आभूषण

## तपती धरती पर नंगे पांव पहुंचे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना):** मेवाड़ अंचल की आस्था के प्रमुख धाम भगवान श्री चारभुजानाथ के मंदिर में शुक्रवार को अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चिलचिलाती गर्मी के बावजूद भक्त नंगे पांव पैदल चलकर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर में दिनभर लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु धान, प्रसाद व अगरबत्ती लेकर पहुंचे और अपनी बारी का इंतजार कर भगवान के दर्शन किए। सुबह पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दूध व पंचामृत से अभिषेक किया गया, इसके बाद स्वर्णजड़ित आभूषणों से सुसज्जित कर महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण हुआ।

अमावस्या के विशेष महत्व के चलते दिनभर भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन द्वारा दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी सहित पदाधिकारियों की मौजूदगी में भेंट पात्र खोले गए। राशि का ढेर देखकर श्रद्धालुओं ने जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सहयोग




से गिनती में भेंट पात्र व रसीदों सहित कुल 42 लाख 86 हजार 536 रुपए प्राप्त हुए। साथ ही श्रद्धालुओं ने 300 मिलीग्राम सोना एवं 3 किलो 757 ग्राम चांदी के आभूषण भी अर्पित किए, जिन्हें ट्रस्ट के अभिलेखों में दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भजन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। कस्बे में भी चहल-पहल रही और विभिन्न दुकानों पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी। ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि भक्तों द्वारा 1 वाटर कूलर और 3 एसी भी भेंट किए गए। साथ ही अमावस्या के अवसर पर आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 87 मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 37 को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया तथा 17 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं।

## QUICK BITES

### बाल विवाह रोकथाम के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अक्षय तृतीया आखा तीज 19 अप्रैल तथा 1 मई को पीपल पूर्णिमा के अबूझ मुहूर्त को देखते हुए जिले में संभावित बाल विवाह की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में बाल विवाह नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

जिला कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 112 में स्थापित इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से बाल विवाह की सूचना प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष की प्रभारी अधिकारी के रूप में संस्थापन अधिकारी मरजीना बेगम को नियुक्त किया गया है।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह की किसी भी सूचना की जानकारी तुरंत नियंत्रण कक्ष में दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर इस सामाजिक कुरीति पर रोक लगाई जा सके।

### नगर निगम चुनाव 2026: मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण जारी, 27 अप्रैल तक दावे-आपत्तियां

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के मद्देनजर नगर निगम भीलवाड़ा क्षेत्र में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत विधानसभा मतदाता सूची के डाटाबेस के आधार पर वार्ड एवं भागवार फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की जा रही है।

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एसडीओ) ने बताया कि 13 अप्रैल को नगर निगम भीलवाड़ा के वार्डों की भागवार मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। इन सूचियों में 27 अप्रैल तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी, जिनके तहत नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान संबंधित प्रकरण अधिकारी अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, काटने और संशोधन का कार्य करेंगे।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर निगम क्षेत्र के ऐसे सभी व्यक्ति, जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम नगर निगम भीलवाड़ा की वार्ड मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रुकवाए, बालिका को सखी सेंटर भेजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क नजर आया। बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन बाल विवाह रुकवाए गए।

सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बीगोद थाना क्षेत्र में एक, बिजौलिया थाना क्षेत्र में एक तथा शंभुगढ़ थाना क्षेत्र में एक बाल विवाह को समय रहते रुकवाया गया।

बिजौलिया पुलिस द्वारा संबंधित बालिका को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बालिका को सुरक्षा एवं देखभाल हेतु सखी सेंटर में आश्रय दिलाया गया।

मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर राजेश कुमार, केस वर्कर सुमन साहू एवं शिवराज खटीक ने पहुंचकर पटवारी के सहयोग से कार्रवाई को अंजाम दिया।

सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समुदाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की किसी भी सूचना को जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

### गांव के बेटे ने रचा इतिहास, सोनु कीर बने डॉक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।



( रोशन ) क्षेत्र के माता जी का खेड़ा के निवासी सोनु कीर ने मेडिकल की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव में जश्न जैसा माहौल है और हर ओर खुशी की लहर दौड़ गई है।

सोनु कीर, उदय लाल कीर के पुत्र हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव को गौरवान्वित किया है।

परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सोनु की यह उपलब्धि गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ निश्चय से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

गांव के गणमान्य नागरिकों ने डॉ. सोनु कीर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास जताया कि वे अपने ज्ञान और सेवा भाव से समाज की सेवा कर गांव का नाम और ऊंचा करेंगे।

इस अवसर पर बरूंदनी प्रशासक गजेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर, रामराय लढा, शैतान सिंह शक्तावत, सतीश पंचोली, दुर्गा शंकर भट्ट एवं राजेंद्र लढा सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दीं।

### मृत्यु भोज की जगह समाजसेवा: जालमपुरा में प्रेरणादायक पहल

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**(दिलखुश)।** जालमपुरा गांव में एक सराहनीय पहल सामने आई है, जिसने समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। स्वर्गीय मेवा लाल प्रतिहार के निधन के बाद उनके परिवार ने परंपरागत मृत्यु भोज का आयोजन न करते हुए उस राशि को समाजहित में उपयोग करने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार मेवा लाल प्रतिहार का कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। उनके तीनों पुत्रचेतन, नवरत्न और उम्मेदसिंह प्रतिहार ने बाहरवें पर होने वाले खर्च को बचाकर गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जालमपुरा में एक वाटर कूलर और पांच छत के पंखे भेंट किए। इस सहयोग से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। परिवार की इस पहल को गांव में सराहा जा रहा है और इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है।

विद्यालय परिवार ने तीनों भामाशाहों का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।